(a) whether there are no studios and high power transmitter at Cuddapah; and

(b) if so, whether Government are allotting money for constructing studios and to instal high power transmitter in that station?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) The A.I.R. Centre at Cuddapah has limited studio facilities and is originating daily programmes of about 3-3/4 hours duration. Its transmitter is of medium power of 20 K.W.

(b) A proposal to construct permanent studios at Cuddapah has been included in the Rolling Plan, 1978—83. The implementation of the scheme will, however, depend upon availability of financial allocation and relative priorities. There is no proposal at present to instal a high power transmitter at that station.

**Trade Groups in Defence Services**

7491. SHRI BAIRAGI JENA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether there are any trade groups in the Defence services whose pay has not yet been fixed; and

(b) if so, action Government propose to take in the matter?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): (a) and (b). As far as Government is aware, there are no such trade groups in the armed forces personnel, whose pay has not as yet been fixed. As regards civilians in the defence establishments, this information is being collected.

**सिंधी कार्यक्रमों के समय में परिवर्तन**

7492. श्री धर्मसिंह भाई पटेल : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिंधी कार्यक्रमों के समय में परिवर्तन करने के लिये 20 फरवरी, 1978 को अहमदाबाद रेडियो स्टेशन के सिंधी डिवीजन को तथा उनके मंत्रालय को एक ज्ञापन प्राप्त हुआ था और यदि हां, तो ज्ञापन में की गई मांगों का स्वरूप क्या है ; और

(ख) सरकार द्वारा इस बारे में क्या कार्यवाई करने का विचार है और उक्त मांगों को पूरा करने में सरकार के सामने क्या कठिनाइयां आ रही है।

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी) : (क) जी, हां। मांगें ये थी (1) सिंधी कार्यक्रम के दैनिक प्रसारण का समय शाम 6.10–6.40 बजे से बदल कर शाम 6.30–7.10 बजे करना और (2) हर सोमवार, को रात्रि 10.00 बजे, से रात्रि 10.30 बजे तक प्रसारित होने वाला साप्ताहिक सिंधी कार्यक्रम प्रति दिन प्रसारित करना।

(ख) (1) इन मांगों को इस बात को देखते हुए स्वीकार करना संभव नहीं है कि अहमदाबाद केन्द्र औद्योगिक केन्द्र होने के कारण हर शाम को 6.40 बजे से 7.10 बजे तक एक औद्योगिक कार्यक्रम प्रसारित करता है। इसके अलावा दिल्ली से प्रसारित होने वाले सिंधी समाचार शाम, 6.15 बजे से शाम 6.25 बजे तक रिले किये जाते हैं और समय में कोई भी परिवर्तन निरन्तरता में बाधक होगा।

(2) क्योंकि अखिल भारतीय कार्यक्रम अर्थात संगीत, नाटक और रूपक के अखिल भारतीय कार्यक्रम तथा प्रादेशिक संगीत,

आदि रात्रि 9.30 बजे से आगे प्रसारित किए जाते है और उनमे से कुछ तो रात्रि 10 00 बजे से भी आगे चलते है, अत परिवर्तन करने की जो प्रार्थना की गई थी, उसको व्यवहार्य सही समझा गया।

**सिंगर सिलाई मशीन कम्पनी की शाखाएं और उत्पादन क्षमता**

7493. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या उद्योग मत्री सिंगर मशीन कम्पनी द्वारा स्वेटर बुनने की मशीन 'सीमाक' के मूल्य में वृद्धि किए जाने के बारे मे 14 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न सख्या 3966 के उत्तर के सबध में यह बताने की कृपा करेगे कि सिगर सिलाई मशीन कम्पनी के प्रबधकों ने मशीन बनाने के लिए कितनी शाखाए खोली है और क्या यह कम्पनी मशीने अन्य कम्पनियो से भी बनवाती है और उन्हे अपने ब्राड के नाम से बेचती है और यदि हा, तो क्या इस कम्पनी ने अपनी लाइसेस क्षमता मे वृद्धि की माग की है और यदि हा, तो यह माग कब और कितनी वृद्धि के लिए की गई थी ?

**उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा मयती)** मै० सिंगर सीउइग मशीन कम्पनी, बम्बई सयुक्त राज्य अमरीका कम्पनी की एक शाखा के रूप मे भारत मे कार्य कर रही है और यह किसी निर्माण कार्य मे नही लगी हुई है। यह शाखा मुख्यत सामान जैसे सिलाई मशीनो, बुनाई मशीनो, घरेलू उपकरणो, उनके हिस्से पुर्जों और जुडनारो, जिनका उत्पादन देश मे अन्य निर्माताओ द्वारा किया जाता है, का विपणन करती है। यह शाखा खुदरा बिक्री केन्द्रो, भाण्डागारो और उत्पादो के विपणन के लिए स्वतत्र अधिकृत डीलरो के जरिए कार्य कर रही है।

**सिंगर मशीनों का उत्पादन**

7494. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या उद्योग मत्री सिंगर मशीन कम्पनी द्वारा स्वेटर बुनने की मशीन 'सीमाक' के मूल्य में वृद्धि किए जाने के बारे मे 14 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न सख्या 3966 के उत्तर के सबध में यह बताने की कृपा करेगे कि

(क) इस समय सिंगर मशीन कम्पनी कितनी मशीनों का निर्माण करती है और उसे कितनी मशीने बनाने के लाइसेंस दिए गए है और उनका मूल्य कितना है, और

(ख) सिंगर मशीन कम्पनी को कितने मूल्य के पुर्जे आयात करने का लाइसेस दिया गया है, उसके द्वारा किन-किन देशो से कितने मूल्य के पुर्जों का आयात किया गया है और क्या सरकार को ऐसी शिकायते मिली है कि इस कम्पनी ने आयातित पुर्जों को स्वय इस्तेमाल नही किया है और उन्हे दूसरो को बेच दिया है, और यदि हा, तो ऐसे कितने मामलो का पता लगाया गया है ?

**उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती आभा मयती) :** (क) और (ख). मै० सीमाक ग्रुप (इण्डिया) प्राइवेट लिमिटेड बम्बई को स्वेटर बुनने की मशीन बनाने के लिए लाइसेस दिया गया है तथा मै० सिगर सिविग मशीन कम्पनी बिक्री व वितरण के लिए उक्त कम्पनी से मशीने प्राप्त करती है। 1973 से आगे इन मशीनों का हुआ उत्पादन इस प्रकार है —

| वर्ष | नग |
|---|---|
| 1973 | 16100 |
| 1974 | 17805 |
| 1975 | 15975 |
| 1976 | 9145 |
| 1977 | 10265 |

उत्पादन कार्यक्रम के आधार पर तथा ग्राह्य आयात नीति के अनुसार मै० सीमाक ग्रुप (इण्डिया) प्राइवेट लिमिटेड को आयात